Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 06-03-2006

Participants : Tripathi Shri Chandramani

Title : Need to ensure easy availability of L.P.G. and Kerosene to the consumers in the country.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, उपभोक्ताओं को घरेलू गैस, एल0पी0जी0 एवं केरोसिन, मिट्टी का तेल सुविधापूर्वक प्राप्त हो, इस दृटि से केन्द्र की सरकारों द्वारा व्यापक प्रयास किये गये। फलस्वरूप उपभोक्ता आश्वस्त थे कि उन्हें न तो लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ेगा न ही कई-कई सप्ताह तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। किंतु, आज जो कठिनाई उपभोक्ता उठा रहे हैं वह अत्यंत असहनीय है। केरोसिन के लिए प्रतीक्षा एवं लंबी कतारें लगी हैं। नये कनैक्शन जहां सुविधापूवर्क प्राप्त थे, वे भी बंद है। वितरक भी हर प्रकार से इसका लाभ उठा रहे हैं। नये कनैक्शन आगे कब तक प्राप्त होंगे, अनिश्चित है। उपभोक्ता परेशान है और वितरकों के चक्कर लगा रहा है। सरकार पिछले एक र्वा से लगातार आश्वासन पर आश्वासन दे रही है कि जल्द ही एलपीजी और केरोसिन की परेशानी दूर की जायेगी परन्तु कोरे आश्वासनों के अलावा उपभोक्ताओं को और कुछ नहीं मिल रहा है।

अतः मेरा प्राकृतिक गैस मंत्री जी से आग्रह है कि तुरंत प्रभावी कदम उठाकर एल0पी0जी एवं केरोसिन की उपलब्धता यथापूर्व करें एवं एल0पी0जी0 के नये कनैक्शन भी पूर्ववत मांग पर शीघ्र दिये जावे।